The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

19 - 01– 2023

THURSDAY



### 1. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल 2023: 19 जनवरी

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (National Disaster Response Force – NDRF) हर साल 19 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मनाता है। 2023 में, NDRF अपना 18वां स्थापना दिवस मना रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में एनडीआरएफ की 12 बटालियन स्थित हैं और इसमें 13,000 एनडीआरएफ कर्मी शामिल हैं जो एक सुरक्षित देश के निर्माण के लिए काम करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन इस विशेष बल का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत किया गया था। एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन में अपनी निस्वार्थ सेवा और बेजोड़ व्यावसायिकता के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अच्छा नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है। एनडीआरएफ ने अपने 3100 अभियानों में एक लाख से अधिक लोगों की जान बचाई है और आपदाओं के दौरान 6.7 लाख से अधिक लोगों को बचाया / निकाला है। एनडीआरएफ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत एक भारतीय विशेष बल है, जिसका गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत आपदा की स्थिति में विशेष प्रतिक्रिया करने के लिए किया गया है।

### 2. जेम्स वेब का अंतरिक्ष में नया कारनामा, पहली बार खोजा पृथ्वी जैसा ग्रह



जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अपने लॉन्चिंग के बाद से ही लगातार शानदार काम कर रहा है। टेलीस्कोप ने पहली बार सौर मंडल के बाहर एक ग्रह खोजा है। सौर मंडल के बाहर स्थित खगोलीय पिंड LHS 475 b लगभग पृथ्वी के आकार का है। यह पृथ्वी की ही तरह एक चट्टानी ग्रह है, जो धरती से 41 प्रकाश वर्ष दूर ऑक्टंस तारामंडल में है। नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट या TESS के डेटा को देख कर माना जा रहा था कि यह एक ग्रह हो सकता है। मैरीलैंड के लॉरेल में जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी में स्टाफ एस्ट्रोनॉमर केविन स्टीवेन्सन और पोस्टडॉक्टोरल फेलो जैकब लस्टिग-येगर के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने वेब का इस्तेमाल कर LHS 475 b का अवलोकन किया। यह ग्रह अपने तारे के सामने से गुजरा तब शोधकर्ताओं ने इसकी रोशनी में गिरावट दर्ज की। येगर ने एक बयान में कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वहां एक ग्रह मौजूद है। वेब टेलीस्कोप के डेटा ने इसकी पुष्टि की है।

### 3. भारत ने क्यूबा को पेंटावेलेंट टीकों की 12,500 खुराक दान करने की घोषणा की



भारत ने क्यूबा को पेंटावालेंट टीके की 12 हजार पांच सौ खुराक दान स्वरूप देने की घोषणा की है। विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस महीने की 12 से 14 तारीख तक क्यूबा की अपनी अधिकारिक यात्रा के दौरान यह घोषणा की। यह उनकी पहली क्यूबा यात्रा थी। यात्रा के दौरान श्रीमती लेखी ने क्यूबा संसद के अध्यक्ष इस्तेबान लाजो हरनांडेज के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने कोविड के स्वदेशी टीके के विकास और नारी सशक्तिकरण पर बातचीत की। श्रीमती लेखी ने दोनों देशों की संसदों के बीच आपसी सहयोग और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। क्यूबा के कार्यवाहक विदेश मंत्री गेरार्डो पेनालवर पोर्टल के साथ बातचीत में श्रीमती लेखी ने आपसी हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने विकास सहायता कार्यक्रम, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, आपदा प्रबन्धन, संस्कृति, स्वास्थ्य और फार्मा, आयुष तथा जैव प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 और जलवायु परिवर्तन तथा सतत विकास पर भी चर्चा की।

### 4. कोल्लम भारत का पहला संविधान साक्षर जिला बना



केरल का कोल्लम जिला देश का पहला संविधान साक्षर जिला बन गया है। इसकी घोषणा 15 जनवरी को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कोल्लम में वित्त मंत्री केएन बालगोपाल की अध्यक्षता में एक समारोह में की। जिले की यह उपलब्धि देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कोल्लम जिला पंचायत, जिला योजना समिति और केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान (केएलए) द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए सात महीने लंबे संविधान साक्षरता अभियान का परिणाम है। संविधान की मूल बातों के बारे में केरल के कोल्लम जिले के निवासियों को शिक्षित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य कोल्लम जिले को संवैधानिक रूप से साक्षर जिला बनाना है। इस अभियान के तहत जिले के सात लाख से अधिक परिवारों को संविधान के मूल सिद्धांतों पर शिक्षित किया जा रहा है। अभियान के हिस्से के रूप में, कोल्लम की 10 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी को संविधान की प्रस्तावना और दस्तावेज़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके मूल सिद्धांतों, नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कानूनी उपायों के बारे में बताया गया है।अभियान के तहत प्रत्येक नगर पालिका से लगभग 20 से 25 व्यक्तियों और प्रत्येक ग्राम पंचायत से 10 से 15 व्यक्तियों को प्रशिक्षण के लिए चुना जाता है और उन्हें सीनेटर कहा जाता है।

### 5. ASI ने नालंदा में खोजे 1200 साल पुराने दो लघु स्तूप



**भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पटना सर्कल** ने राज्य के **नालंदा जिले** में विश्व विरासत स्थल '**नालंदा महाविहार**' के परिसर के भीतर **सराय टीला टीले** के पास भूनिर्माण गतिविधियों के दौरान दो **1200 साल पुराने लघु स्तूपों** की खोज की है। पत्थर से उकेरे गए स्तूप पर **बुद्ध की आकृतियां** दर्शायी गई हैं। बुद्ध की आकृतियों को दर्शाने वाले पत्थर से तराशे गए ये स्तूप लगभग **1200 साल पुराने** हैं। भारत में **7वीं शताब्दी** की शुरुआत में ऐसे स्तूप मन्नत के प्रसाद के रूप में लोकप्रिय थे। स्तूप एक **गोलार्द्ध की संरचना** है जो बुद्ध के दफन टीले का प्रतीक है। यह बौद्ध धर्म के आगमन के बाद प्रमुखता से बढ़ा और **अशोक के शासनकाल** के दौरान चरम पर पहुंच गया। स्तूप **तिब्बत में चोर्टेन और पूर्वी एशिया में पैगोडा** के रूप में विकसित हुए। नालंदा एक महाविहार था, जो भारत में **मगध (आधुनिक बिहार)** के प्राचीन साम्राज्य में एक बड़ा **बौद्ध मठ** था। इसे इतिहासकारों द्वारा **दुनिया का सबसे पहला आवासीय विश्वविद्यालय** और प्राचीन दुनिया में अध्ययन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक माना जाता है। यह **गुप्त साम्राज्य काल** के दौरान स्थापित किया गया था।

### 6. टॉप मेट्रो सिटीज को पीछे छोड़कर टॉप गेमिंग हब बना उत्तर प्रदेश



ऑनलाइन गेम खेलने के मामले में उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh) के लोगों ने सबको पीछे छोड़ दिया है। भारत में सबसे ज्यादा ऑनलाइन गेम खेलने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल का नंबर आता है। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 के मुकाबले 2022 में ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, पुडुचेरी और हिमाचल प्रदेश में मोबाइल गेम खेलने वाले यूजर्स की संख्या में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई है। भारत में लूडो डाइस, स्नैक एंड लैडर्स (सांप और सीढ़ी), कैरम, फ्रूट डार्ट, ब्लॉक पजल और पोकर सबसे ज्यादा खेले जाने वाले गेम्स में शामिल हैं। गेमिंग प्लेटफॉर्म मोबाइल प्रीमियर लीग (MPL) ने इंडिया मोबाइल गेमिंग रिपोर्ट 2022 (IMGR 2022) जारी की है, जिसके मुताबिक भारतीय शहरों में ये गेम सबसे ज्यादा खेले जाते हैं। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, ग़ाज़ियाबाद और इलाहाबाद में ऑनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। राज्य के कुल 60 फीसदी गेमर्स इन्हीं शहरों से आते हैं। यह दूसरा साल है जब लखनऊ को गेमिंग स्किल के तौर पर पहचान मिली है। IMGR ने खुलासा किया कि लखनऊ की ग्रोथ ने दिल्ली-मुंबई जैसे सभी मेट्रो शहरों को पीछे छोड़ दिया है। गेम पर फोकस

रखने वाले वेंचर कैपिटल फंड लुमिकाई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल भारत दुनिया में मोबाइल गेम्स का सबसे बड़ा कंज्यूजर बन गया, जहां 15 अरब से भी ज्यादा गेम डाउनलोड किए गए। साल 2022 में भारत की गेमिंग मार्केट 2.6 अरब डॉलर (करीब 21 हजार करोड़ रुपए) की थी और यह 2027 तक 27 फीसदी के कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (CAGR) के साथ बढ़कर 8.6 अरब डॉलर (लगभग 70 हजार करोड़ रुपए) तक पहुंच जाएगी।

### 7. लेखक के वेणु को फेडरल बैंक लिटरेरी अवार्ड 2023 मिला



जनवरी 2023 में प्रसिद्ध लेखक के वेणु को उनकी आत्मकथा 'ओरनवेशनंथिनते कथा' के लिए फेडरल बैंक लिटरेरी अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। वेणु ने केरल लिटरेचर फेस्टिवल के भाग के रूप में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में फेडरल बैंक के अध्यक्ष और स्वतंत्र निदेशक बालगोपाल चंद्रशेखर से पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार के लिए 10 कृतियों का चयन किया गया था। इस पुस्तक का सार केरल के आधुनिक इतिहास में सबसे गहन राजनीतिक स्मृति को वापस लाता है। यह फेडरल बैंक द्वारा गठित पहला साहित्यिक पुरस्कार है। इस पुरस्कार की घोषणा नंदकुमार वी, कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख - शाखा बैंकिंग द्वारा की गई थी।

### 8. शुभमन गिल वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बने




भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने 18 जनवरी 2023 को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में दोहरा शतक जमाकर इतिहास रच दिया। गिल दोहरा शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने। गिल ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर केवल 149 गेंदों में 19 चौके और 9 छक्के की मदद से 208 रन बनाए। शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ धुआंधार पारी खेली, जिसके बाद उन्हें 'सुपरमैन गिल' भी कहा जा रहा है। शुभमन गिल ने अपनी पारी के दौरान कई रिकॉर्ड्स बनाए। वो वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। शुभमन गिल दोहरा शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने। वो सबसे कम पारियों में तीन वनडे शतक जमाने वाले भारतीय ओपनर बने। न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत वनडे स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी शुभमन गिल ने अपने नाम किया। गिल वनडे में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 23 साल की उम्र में यह कारनामा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने 24 साल की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था।

## *QUIZ*

**1. हाल ही में भारत के पहले राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक, PARAKH को किसने अधिसूचित किया है?**

a) NCERT
b) CBSE
c) NTSE
d) ICSE

Explanation:- राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) ने जनवरी 2023 में भारत के पहले राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक, PARAKH को अधिसूचित किया है। PARAKH देश में सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्डों के लिए छात्र मूल्यांकन हेतु मानदंड, मानक और दिशानिर्देश निर्धारित करने पर काम करेगा। PARAKH का पूर्ण रूप परफॉरमेंस अप्रैज़ल, रिव्यु एंड एनालिसिस ऑफ़ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट है। PARAKH को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) – 2020 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया है, जिसमें एक मानक-सेटिंग निकाय की परिकल्पना की गई है। निकाय नए मूल्यांकन पैटर्न और नवीनतम शोध के बारे में स्कूल बोर्डों को सलाह देगा और उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।

**2. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में डिप्टी एनएसए के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

a) दयानंद मिश्रा
b) वेणु गुप्ता
c) पवन कुमार गोयल

d) पंकज कुमार सिंह

Explanation:- हाल ही में पंकज कुमार सिंह को उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है। वह राजस्थान कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह 31 दिसंबर, 2022 को बीएसएफ के महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्हें दो साल की अवधि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में डिप्टी एनएसए के रूप में नियुक्त किया गया है। वह बीएसएफ के अलावा सीआरपीएफ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल और असम की सीमाओं के माध्यम से मवेशियों की तस्करी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

3.बिहार के किस जिले में एएसआई द्वारा 1200 साल पुराने दो लघु स्तूपों की खोज की गई है?

a) गया

b) नालंदा

c) अरवल

d) कैमूर

Explanation:- बिहार के नालंदा जिले में 'नालंदा महाविहार' के परिसर के भीतर भूनिर्माण गतिविधियों के दौरान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने दो 1200 साल पुराने लघु स्तूपों की खोज की। स्तूप एक गोलार्द्ध की संरचना है जो बुद्ध के समाधि स्थल का प्रतीक है। पत्थरों को तराश कर बनाए गए स्तूपों में बुद्ध की आकृतियाँ हैं। इस तरह के स्तूप भारत में 7वीं शताब्दी की शुरुआत में मन्नत के प्रसाद के रूप में लोकप्रिय थे।

4. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) द्वारा पाकिस्तान के किस आतंकवादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है?

a) सैयद रहमानी

b) जाकिर रहमान

c) अब्दुल रहमान मक्की

d) अब्दुल रऊफ अजहर

Explanation:- पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) द्वारा वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह फैसला चीन द्वारा मक्की को आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव पर से रोक हटाने के बाद आया है। पिछले साल चीन ने मक्की को सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव को रोक दिया था। जून 2022 में, भारत और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत मक्की को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव रखा था।

5. हाल ही में भारत और किस देश के बीच विदेश नीति और सुरक्षा वार्ता का 5वां संस्करण सियोल में आयोजित किया गया था?

a) दक्षिण कोरिया

b) क़तर

c) कजाकिस्तान

d) म्यांमार

Explanation:- भारत और दक्षिण कोरिया के बीच पांचवीं विदेश नीति और सुरक्षा वार्ता 17 जनवरी 2023 को संपन्न हुई। यह वार्ता सियोल में आयोजित की गई। दो दिवसीय वार्ता के दौरान दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए। इन क्षेत्रों में व्यापार और निवेश, सुरक्षा और रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का आदान-प्रदान शामिल है।

6. हाल ही में किस कंपनी ने वीमेंस IPL के मीडिया राइट्स हासिल किये है?

a) पेटीएम

b) वायाकॉम 18

c) डिज़्नी स्टार

d) सोनी नेटवर्क

Explanation:- वायाकॉम ने 951 करोड़ रुपये में अगले 5 वर्षों (2023-27) के लिए वीमेंस IPL के मीडिया राइट्स (टीवी और डिजिटल) हासिल कर लिए है जिसकी प्रति मैच मूल्य 7.09 करोड़ रुपये है. इन मीडिया राइट्स के ऑक्शन ग्लोबल राइट्स के लिए तीन कैटेगरी लीनियर (TV), डिजिटल और संयुक्त (TV और डिजिटल) में आयोजित किये गए थे. वीमेंस आईपीएल (WIPL) में अगले पांच वर्षो में पांच टीमों के मिलाकर कुल 134 मैच कराये जायेंगे. इसके तहत पहले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष 22 मैच कराये जायेंगे.

7. द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'नेवल एक्सरसाइज वरुण' का आयोजन भारत और किस देश के मध्य किया जा रहा है?

a) अमेरिका

b) जर्मनी

c) फ्रांस

d) ऑस्ट्रेलिया

Explanation:- भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'वरुण' के 21वें संस्करण की शुरुआत हो गयी है.

इसका आयोजन 16 से 20 जनवरी तक किया जायेगा. भारत और फ्रांस के बीच इस नेवल एक्सरसाइज की शुरुआत वर्ष 1993 में की गयी थी. वर्ष 2001 में इस नौसेना अभ्यास को 'वरुण' नाम दिया गया था जो भारत-फ्रांस रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों की पहचान बन गया है. एक्सरसाइज 'गरुड़' (एयर फ़ोर्स), एक्सरसाइज 'शक्ति' (आर्मी) और एक्सरसाइज डेजर्ट नाईट (एयर फ़ोर्स) भारत और फ्रांस के मध्य अन्य डिफेन्स एक्सरसाइज है.

8. हाल ही में उत्तर प्रदेश के किस जिले में सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 का दूसरा चरण शुरू हुआ है?

a) आगरा
b) बस्ती
c) देवरिया
d) बलिया

Explanation:- पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। खेल महाकुंभ के तहत कुश्ती, कबड्डी, खो खो, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, शतरंज, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे इनडोर और आउटडोर खेलों का आयोजन किया जाता है। इनके अलावा निबंध लेखन, चित्रकला और रंगोली बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं।

## *ONE LINERR*

हाल ही में किसे फेडरल बैंक लिटरेरी अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है- लेखक के वेणु

टॉप मेट्रो सिटीज को पीछे छोड़कर टॉप गेमिंग हब कौन सा राज्य बना है - उत्तरप्रदेश

हाल ही में किसे डिप्टी एनएसए (उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) नियुक्त किए गए हैं - डीजी पंकज कुमार सिंह

हाल ही में किस मंत्रालय ने अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाने वाली ‘पढ़ो परदेश स्कीम’ को बंद कर दिया गया है - अल्पसंख्यक मंत्रालय

किसके द्वारा भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक, PARAKH जारी किया है - नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (NCERT)

केरल का कौन सा जिला देश का पहला संविधान साक्षर जिला बन गया है - कोल्लम

हाल ही में किस बैंक ने भारत बिल पेमेंट ऑपरेटिंग यूनिट के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से मंजूरी मिल गई है - पेटीएम पेमेंट बैंक

SBI की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा कितना हो गया है - 17.5 लाख करोड़ रुपये

किस शहर ने सोलर प्लांट के लिए भारत के पहले रिटेल म्युनिसिपल ग्रीन बॉन्ड की योजना बनाई हैं - इंदौर

किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में पहली बार ‘जनजातीय शीतकालीन महोत्सव’ आयोजित किया गया है - जम्मू कश्मीर

ACHIEVERS IAS ACADEMY